





## डीजीपी ने सुशासन दिवस की शपथ दिलायी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 24 दिसंबर. पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रतिपादित उच्च मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए पुलिस मुख्यालय में बुधवार को उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर से एक दिन पूर्व सुशासन दिवस मनाया गया.**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य अटल बिहारी वाजपेयी की पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेन्द्रित प्रशासन की सोच को पुन: सुदृढ़ करना था. इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने पुलिस मुख्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई. सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रदेश में सुशासन के उच्च मानक स्थापित करने तथा शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याणकारी और जवाबदेह बनाने का संकल्प लिया. शपथ में प्रभावी जनसेवा, नैतिक आचरण और नागरिकों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता पर विशेष जोर दिया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप संस्थागत पारदर्शिता और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और सशक्त करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. सुशासन दिवस का यह आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत और उनके सिद्धांतों पर आधारित नेतृत्व तथा प्रभावी प्रशासन की भावना को स्मरण कराने वाला रहा.

## सेंट्रल जेल में बंद कैदी की उपचार के दौरान मौत

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 दिसंबर.** सेंट्रल जेल में बंद विचाराधीन एक कैदी की मौत बुधवार को हो गई. हमीदिया अस्पताल में उपचार के दौरान कैदी की मौत होने की जानकारी सामने आई. एक नाबालिग के साथ रेप केस के मामले में मृतक सजा काट रहा था. गांधीनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

**▶ रेप केस के मामले में मिली थी सजा**

मिली जानकारी के अनुसार मृतक कैदी रोशन पंथी (21) विदिशा जिले का रहने वाला था. छोलामंदिर थाना पुलिस ने करीब सात महीने पहले एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की से रेप के केस में आरोपी को गिरफ्तार किया था. इसके बाद मृतक को जेल काटने की सजा मिली थी. कैदी की मौत की सूचना पर परिजनों का कहना है कि करीब एक सप्ताह पहले उसकी बहन मुलाकात करने के लिए उसके पास पहुंची थी. मृतक रोशन ने अपनी बहस से सीने में दर्द होने की जानकारी दी थी. परिजनों का कहना है कि रोशन ने अपनी बहन से यह बताया था कि उसे जेल में उचित इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही थी. परिवार के बयान के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## महिला के साथ दुष्कर्म आरोपी की तलाश जारी

**भोपाल.** निशातपुरा थाना इलाके में एक नवविवाहिता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. महिला के एक परिचित ने उसके साथ इस घटना को अंजाम दिया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. फरार आरोपी की तलाश की जा रही है. आरोपी भाऊ सिंह (44) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिसने मंगलवार देर शाम यह घटना को अंजाम दिया. पीड़िता के बयान के अनुसार आरोपी उसके घर में सामान लेने के बहाने से घुसा था. आरोपी भाऊ सिंह को महिला के घर में किसी और के नहीं होने की भी जानकारी पहले से थी. महिला को उसके घर में अकेला पाकर आरोपी ने पहले उसे ब्लैकमेल किया. इसके बाद उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की. पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया. इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की.

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल.** बैरसिया थाना इलाके में एक शादीशुदा महिला ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका के पास से सुसाइड़ नोट भी बरामद नहीं हुआ. पुलिस जांच करते हुए आत्महत्या का कारण पता कर रही है. मिली जानकारी के मृतका नेहा राजपूत (30) दाल मिल के पास कॉलोनी में अपने पति और बच्चों के साथ रहती थी. मृतका के पति योगेंद्र सिंह राजपूत छोटी सी दुकान चलाते हैं.


